# मिस्र के राजा (फिरौन) --- २

बाइबल के पुराने नियम में मिस्त्र के कई फिरौन राजाओं का वर्णन आया है जिनमें से उत्पत्ति और निर्गमन में उल्लिखित फिरौन राजाओं को हम देख चुके हैं। अतः निर्गमन के बाद वर्णित फिरौन राजाओं का विवरण ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर निम्नानुसार है।

## १ राजा से यिर्मयाह तक उल्लिखित फिरौन/मिस्र के राजा

| फिरौन/राजा एवं तिथियाँ (ई.पू.) | संभावित परिचय | बाइबल सन्दर्भ |
|---|---|---|
| गुमनाम ६७० ई.पू. | फिरौन, सुलेमान का ससुर | १ राजा ३:१, ७:८ |
| शीशक ६४५-६२४ | फिरौन, जिसने यहूदा के राजा रहूबियाम के शासन काल मेंयरूशलेम के मंदिर पर आक्रमण किया, परन्तु इस्राएल के राजा रहूबियाम को राजमहल में ही छिपा रहने दिया। | १ राजा १४:२५, २ इतिहास १२:२ |
| सो ७२७-७२० | फिरौन, यह सम्भवतः ओसोकोन चतुर्थ था, अश्शूरी राजा के विरूद्ध विद्रोह करने से ठीक पहले इस्राएल के राजा होशे ने इसी को एक संदेश भेजा था। | २ राजा १७:४ |
| तिर्हाका ६९०-६६४ | फिरौन, जिसे "कूश का राजा" कहा गया है। इसने यहूदा के राजा हिजकिययाह के काल में अश्शूर के राजा से युद्ध किया था। 'कूश' मिस्र के दक्षिण में स्थित एक देश था। संभवतः यहाँ भी फिरौन था। | २ राजा १९:९, यशायाह ३७:९ |
| नको ६१०-५९५ | फिरौन, जिसने मगिद्दो में यहूदा के राजा योशिययाह की हत्या की थी और जिसे बेबीलोन के राजा नबूकदनेस्सर ने पराजित किया था। | २ राजा २३:२९ २ इतिहास ३५:२० एवं ३६:४ |
| होप्रा ५८९-५७० | फिरौन, जिसके बारे में यिर्मयाह ने कहा था कि होप्रा अपने शत्रु बेबीलोन के राजा नबूकदनेस्सर के द्वारा पकड़ लिया जाएगा। | यिर्मयाह ४३:९-१३ एवं ४४:३० |
| अन्य गुमनाम राजा | इन फिरौन राजाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। | १ राजा ११:१८-१९ २ राजा १८:२१ १ इतिहास ४:१८ |

उपरोक्त तिथियाँ संभावित हैं। विभिन्न बाइबलों में दी गई तिथियों में सूक्ष्म परिवर्तन प्राप्त होते हैं।